पंजाब केसरी
SAT,23 MAY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट में उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ साबित

## लिफाफे बदलने का भी खुलासा

## हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला : कॉपियों से छेड़छाड़ के शिकार छात्रों को मिलेगा अंकों का पूरा लाभ

धर्मशाला, 22 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं की परीक्षा प्रणाली में लापरवाही और उत्तर पुस्तिकाओं के साथ छेड़छाड़ का एक गंभीर मामला सामने आया है।


यह पूरा मामला बिलासपुर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता परीक्षा केंद्र से जुड़ा है, जहां मार्च 2025 में आयोजित मैट्रिक परीक्षा के दौरान छात्रों की कॉपियों के साथ कथित छेड़छाड़ की गई थी। इस केंद्र पर परीक्षा देने वाले कुल 40 विद्यार्थियों में से कला संकाय विषय के 9 छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के एम.सी.क्यू. वाले भाग में गड़बड़ी की लिखित शिकायत बोर्ड से की थी।

शिकायत मिलने पर बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं को क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला भेजा, जहां लैब रिपोर्ट में छेड़छाड़ की पूरी तरह पुष्टि हो गई है।

इसके साथ ही बोर्ड की विशेष समिति की जांच में यह भी चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि कॉपियों को सुरक्षित रखने वाले टैंपर-प्रूफ लिफाफों के सीरियल नंबर पैकिंग मैमो से मेल नहीं खा रहे थे, जिससे यह साफ हो गया कि लिफाफों की अदला-बदली की गई थी।

इस मामले पर संज्ञान लेते हुए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रभावित छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें नियमानुसार अंकों का पूरा लाभ देने का बड़ा निर्णय लिया है, ताकि उनके परिणाम पर कोई आंच न आए।

मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और जांच रिपोर्ट आगामी सख्त कानूनी व विभागीय कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को सौंप दिए गए हैं।



“ इस पूरी गड़बड़ी में विद्यार्थियों का कोई दोष नहीं है, इसलिए उनके शैक्षणिक हितों की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता है। जिन प्रश्नों के साथ छेड़छाड़ हुई है, उन पर प्रभावित छात्रों को पूरा लाभ दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मामले के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। – डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

# Probe confirms tampering of Class X answer sheets

NARESH THAKUR
TRIBUNE NEWS SERVICE

**HP school board to award grace marks to affected students; forensic and internal inquiries establish manipulation after evaluation**

DHARAMSALA, MAY 22

A high-level inquiry conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has confirmed deliberate tampering of Class X answer sheets belonging to students of Government High School, Jeora, in Bilaspur district after the evaluation process was completed.

The findings of the board's internal committee corroborate the earlier report submitted by the Regional Forensic Science Laboratory (RFSL), Dharamsala, which had detected manipulation in the evaluated answer sheets sent for forensic examination.

HPBOSE Chairman Dr Rajesh Sharma said the inquiry had conclusively established that answer sheets of students who appeared in the March 2025 matriculation examination were altered after evaluation. "The matter has been viewed with utmost seriousness by the Board. Both the forensic findings and the internal inquiry have confirmed tampering," he said.

According to the inquiry report, correct answers written by students were deliberately struck off and replaced with incorrect responses, resulting in a steep decline in marks of several meritorious students. Many students who had consistently secured over 90 per cent marks during the academic session witnessed an unexpected drop in scores, particularly in English and Art subjects.

The probe also revealed serious irregularities in the handling of answer sheets. Sources said the serial numbers on tamper-proof envelopes used for storing answer sheets did not match the numbers recorded in official packing memos. The discrepancy has raised suspicion that answer sheet packets may have been exchanged either at the examination centre or during subsequent handling.

Dr Sharma said all inquiry documents had been forwarded to the Education Department for departmental as well as legal action.

To provide relief to the affected students, HPBOSE has decided to award grace marks in the affected subjects.

The case pertains to the matriculation examination conducted at the Jhandutta examination centre in Bilaspur district, where 40 students had appeared, including 11 from Government High School, Jeora. Nine students had formally complained of tampering in the MCQ section of their answer sheets.

After re-evaluation brought only marginal improvement, the students obtained photocopies of answer sheets under the RTI Act, which allegedly revealed manual alterations. Subsequent forensic examination confirmed deliberate tampering.

Hindustan Times 23-05-2026

{ CLASS 10 ANSWER SHEETS }

# HP board to award full credit for questions found tampered

**Shallee Dogra**
shallee.dogra@htlive.com

**SHIMLA :** It is better late than never — an idiom suits best to Himachal Pradesh school education board which finally has decided to award full credit (marks) —in accordance with the rules—for those specific questions that were found to have been tampered with in the answer sheets after the forensic investigation confirmed tampering with answer sheets of Class 10 exam held in 2025.

The case involving gross negligence and tampering within the examination system of the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) had come to light in the evaluation of Class 10 examination papers held in 2025 of students of Jeora School in Jhandutta subdivision of Bilaspur and the forensic report had confirmed deliberate tampering of answer sheets.

Board chairman Rajesh Sharma said that during the matriculation examinations held in March 2025, alleged tampering with students' answer sheets occurred at an examination centre in Bilaspur district—an allegation that has now been fully substantiated by a forensic investigation.

The forensic report submitted to the board in February this year had confirmed deliberate tampering of answer sheets. The report had revealed that correct answers written by students were struck off and replaced with incorrect ones, leading to a sharp decline in marks.

Taking this matter with the utmost seriousness, the board has decided to grant remedial marks to the affected students, in accordance with established regulations, in order to safeguard their academic future. All documents pertinent to the case, along with the investigation report, have been handed over to the education department for further strict action. Sharma said that the names of all suspicious officials have been forwarded to the education department for action, along with the report.



Officials said that names of all suspected officials have been forwarded to the education department for action. HT FILE

## Forensic lab report exposes truth

This entire incident centers around the examination centre at the Government Senior Secondary School, Jhandutta, in Bilaspur district. A total of 40 students appeared for the examination at this centre, including 11 students from the Government High School, Jeora. Following the examinations, nine students from the Arts stream lodged a written complaint with the Board, alleging that their answer sheets had been tampered with—specifically in the multiple choice questions (MCQ) section.

Board chairman Rajesh Sharma explained that upon receiving the complaint, the students were summoned to the board headquarters in October 2025, where their answer sheets were shown to them in the presence of subject experts.

Subsequently, in an effort to uncover the truth, copies of the answer sheets were sent to the regional forensic science laboratory (RFSL) in Dharamshala, where the laboratory report conclusively confirmed that tampering had indeed taken place.

## The envelope-swapping racket exposed

Speaking to HT, Sharma said that after the forensic report confirmed irregularities, the special committee constituted by the board peeled back the layers of this entire affair, leading to yet another shocking revelation.

"The investigation revealed that the serial numbers on the "tamper-proof" envelopes—used to secure the answer sheets—did not match the numbers recorded in the packing memos," he said while adding, "This made it abundantly clear that the envelopes containing the answer sheets had been swapped, either at the examination centre or at a subsequent stage". Sharma clarified that the students bear no fault whatsoever in this entire fiasco; therefore, safeguarding their academic interests remains the board's foremost priority.

"Based on the committee's recommendations, the board has decided that affected students will be awarded full credit (marks)—in accordance with the rules—for those specific questions that were found to have been tampered with, thereby ensuring that their results and future prospects remain uncompromised," he said.

## RTI helped students prove case

The case came to light after nine students of Jeora school accessed answer books through RTI and made a complaint to the HPBOSE last year. The board sent the answer sheets for forensic examination. The findings indicate that marks in several cases dropped significantly — in some instances from average of 90 to 72 — adversely affecting students' merit positions and chances of securing scholarships.

Parents and affected students alleged that the forensic report was submitted to the board by the FSL in February 2026, but was not disclosed to them immediately. Describing the incident as unprecedented and deeply concerning, parents demanded strict action against those responsible. They also urged that the proposed inquiry committee should include representatives of parents to ensure transparency and fairness.

Divya Himachal 23-05-2026

# बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ का खुलासा

## फोरेंसिक जांच में पुष्टि, बिलासपुर के झंडूता परीक्षा केंद्र में छेड़छाड़ की पुष्टि

- 40 विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा, नौ छात्रों ने उठाई आवाज
- पीड़ित छात्रों को मिलेगा पूरा लाभ, पैकिंग लिफाफे भी बदले मिले

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**

हड़कंप

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रणाली में एक बड़ी लापरवाही और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि मार्च-2025 में आयोजित मैट्रिक (10वीं) परीक्षा के दौरान बिलासपुर जिला के एक परीक्षा केंद्र में छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कथित छेड़छाड़ की गई थी, जिसकी अब फॉरेंसिक जांच में पूरी तरह पुष्टि हो गई है। बोर्ड ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखते हुए उन्हें नियमानुसार अंकों का लाभ देने का बड़ा निर्णय लिया है। मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और जांच रिपोर्ट आगामी सख्त कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को सौंप दिए गए हैं। यह पूरा मामला बिलासपुर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता परीक्षा केंद्र से जुड़ा है। इस केंद्र पर कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा के बाद, कला संकाय विषय के नौ छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के साथ छेड़छाड़ होने की लिखित शिकायत बोर्ड से की थी।

**पर्दाफाश** जांच में पाया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए जिन टैंपर-प्रूफ लिफाफों का इस्तेमाल किया गया था, उनके सीरियल नंबर पैकिंग मेमो में दर्ज नंबरों से मिल ही नहीं रहे थे। इससे यह साफ हो गया कि परीक्षा केंद्र या उसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं के लिफाफों की अदला-बदली (इंटरचेंज) की गई थी।

**भास्कर ब्रेकिंग** फॉरेंसिक रिपोर्ट में 100 फीसदी पुष्टि

# झंडूता केंद्र पर बदली गईं 10वीं की कॉपियां शातिरों ने 'टैंपर-प्रूफ' लिफाफे भी बदल डाले

प्रेम सूद | धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रणाली में सुरक्षा और शुचिता के दावों को ध्वस्त करने वाली एक बड़ी लापरवाही और धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मार्च-2025 में आयोजित मैट्रिक (10वीं) की परीक्षा के दौरान बिलासपुर जिले के एक परीक्षा केंद्र में छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के साथ बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ (टैंपरिंग) की गई थी। अब क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला की रिपोर्ट ने इस पूरे काले कारनामे की पोल खोलकर रख दी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रभावित छात्रों को नियमानुसार अंकों का पूरा लाभ देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके साथ ही दोषियों पर एफआईआर और विभागीय गाज गिरना तय हो गई है, क्योंकि बोर्ड ने आगामी सख्त कार्रवाई के लिए पूरी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंप दी है। उन्होंने कहा, गड़बड़ी में छात्रों का दोष नहीं है, इसलिए उनके हितों की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता है। जिन प्रश्नों के साथ छेड़छाड़ हुई है, वहां प्रभावित छात्रों को नियमानुसार पूरा लाभ (अंक) दिया जाएगा।

## अंदर की कहानी: ऐसे खुली 'नकल और हेरफेर' के नेक्सस की पोल

यह पूरा मामला बिलासपुर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता परीक्षा केंद्र से जुड़ा है। इस केंद्र पर कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें राजकीय उच्च पाठशाला जेओरा के 11 छात्र भी शामिल थे। परीक्षा के बाद कला संकाय विषय के 9 छात्रों को गड़बड़ी का अंदेशा हुआ। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए अपने एमसीक्यू में छेड़छाड़ होने की लिखित शिकायत सीधे बोर्ड से की। शिकायत के बाद बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अक्टूबर 2026 में छात्रों को मुख्यालय बुलाकर विशेषज्ञों की मौजूदगी में कॉपियां दिखाईं और उत्तर पुस्तिकाओं को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया, जहां अब छेड़छाड़ की 100% पुष्टि हो गई है।

## नए लिफाफों के सीरियल नंबर पैकिंग मेमो से मेल नहीं खा रहे थे

फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद जब बोर्ड की विशेष जांच समिति ने मामले की परतें उधेड़ीं, तो पैरों तले जमीन खिसक गई। बोर्ड परीक्षा की कॉपियां सुरक्षित रखने के लिए जिन ''टैंपर-प्रूफ'' (जिनसे छेड़छाड़ न हो सके) लिफाफों का इस्तेमाल किया जाता है, उन्हें ही बदल दिया गया था। जांच में पाया गया कि नए लिफाफों के सीरियल नंबर उस पैकिंग मेमो से मेल ही नहीं खा रहे थे, जो परीक्षा केंद्र से दर्ज होकर आया था। इससे साफ है कि परीक्षा केंद्र के भीतर या कॉपियां जमा होने के दौरान लिफाफों की अदला-बदली (इंटरचेंज) की गई थी।

**आगे क्या: शिक्षा विभाग करेगा बड़ी कार्रवाई...** बोर्ड ने इस पूरे मामले के दस्तावेज, सबूत और फॉरेंसिक रिपोर्ट शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में परीक्षा केंद्र के स्टाफ, सुपरिंटेंडेंट और कॉपियों की कस्टडी रखने वाले कर्मचारियों पर गाज गिरना तय है। पुलिस केस के साथ-साथ सस्पेंशन की कार्रवाई बहुत जल्द अमल में लाई जा सकती है।

Himachal Dastak 23-05-2026

# सरकारी स्कूलों में जल्द शुरू होगा एआई विषय

## तैयार हो रहा प्रस्ताव, सरकार से मंजूरी मिली, तो इसी साल से होगा बड़ा बदलाव

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▪ धर्मशाला

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चे भी अब स्किल सबजेक्ट के रूप में एआई विषय पढ़ेंगे। इसको लेकर शिक्षा बोर्ड ने कदमताल तेज कर दिया है। शिक्षा बोर्ड के धर्मशाला मुख्यालय में इसको लेकर एक्सपर्टस का सेमिनार भी शुरू किया गया है। सेमिनार में विशेषज्ञों के सुझावों के बाद एक प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

मंजूरी मिलने के बाद इसी साल से बोर्ड के तहत स्कूलों में कक्षा छठी से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय को पाठयक्रम में शामिल किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अब छठी कक्षा से ही विद्यार्थियों को एआई विषय पढ़ाने को लेकर गंभीरता से काम कर रहा है। इस योजना का धरातल पर उतारने के लिए कंप्यूटर और संचार क्षेत्र की एक निजी कंपनी के साथ प्रारंभिक स्तर पर पाठ्यक्रम को लेकर चर्चा की जा चुकी है। डिजिटल युग की जरूरतों के अनुरूप छठी कक्षा से ही एआई विषय को पढ़ाया जाएगा। ऐसे में पाठ्यक्रम में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी जोड़ने की योजना है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर के अनुसार उपयुक्त पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए शिक्षा बोर्ड विशेषज्ञों की राय भी ले रहा है। वहीं अब इसको लेकर एक सेमिनार भी शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय धर्मशाला में शुरू किया गया है। इसके बाद बोर्ड की ओर से विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार शिक्षा बोर्ड की इस पाठ्यक्रम को वैकल्पिक विषय के तौर शुरू करने की योजना है ताकि अगर कोई विद्यार्थी एआई पढ़ना चाहता है तो उसे इसकी सुविधा प्रदेश के स्कूलों में ही उपलब्ध हो सके।

> स्कूल शिक्षा बोर्ड छठी कक्षा से एआई की पढ़ाई शुरू करने की योजना बना रहा है। कंप्यूटर क्षेत्र की एक निजी कंपनी के साथ पाठ्यक्रम को लेकर कार्यशाला के बाद इन दिनों विशेक्षज्ञ सेमिनार में हिस्सा ले रहे हैं। इसके लिए कॉलेज, केंद्रीय विश्वविद्यालय और स्कूलों के अध्यापकों की भी राय ली गई है। योजना अंतिम चरण में है तथा जल्द ही एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी। सरकार की मंजूरी मिलने के बाद इसी साल से बोर्ड के स्कूलों में छठी कक्षा से एआई विषय को शुरू करने की योजना है।
>
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला।**

# शिक्षा बोर्ड की जांच में खुलासा, उत्तर पुस्तिकाओं से हुई छेड़छाड़, पीड़ित छात्रों को मिलेगा पूरा लाभ

## जांच के बाद बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने छात्रों के हित में लिया बड़ा फैसला

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▪ धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रणाली में एक बड़ी लापरवाही और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कड़ा संज्ञान लिया है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि मार्च-2025 में आयोजित मैट्रिक परीक्षा के दौरान बिलासपुर जिले के एक परीक्षा केंद्र में छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कथित छेड़छाड़ की गई थी, जिसकी अब फोरेंसिक जांच में पूरी तरह पुष्टि हो गई है। बोर्ड ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रभावित छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें नियमानुसार अंकों का लाभ देने का बड़ा निर्णय लिया है। मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और जांच रिपोर्ट आगामी सख्त कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को सौंप दिए गए है। यह पूरा मामला बिलासपुर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता परीक्षा केंद्र से जुड़ा है। इस केंद्र पर कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें राजकीय उच्च पाठशाला जेओरा के 11 छात्र भी शामिल थे। परीक्षा के बाद, कला संकाय विषय के 9 छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के एमसीक्यू (बहुविकल्पीय प्रश्न) भाग में छेड़छाड़ (टैंपरिंग) होने की लिखित शिकायत बोर्ड से की थी।

> ▪ मामला बिलासपुर जिले के झंडूता परीक्षा केंद्र से जुड़ा है

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर छात्रों को अक्तूबर 2025 में बोर्ड मुख्यालय बुलाकर विशेषज्ञों के सामने उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गईं। इसके बाद सच सामने लाने के लिए प्रतियों को क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला भेजा गया, जहां लैब रिपोर्ट में छेड़छाड़ की बात सही पाई गई। वहीं फोरेंसिक रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद बोर्ड द्वारा गठित विशेष समिति ने जब इस पूरे मामले की परतें खोलीं, तो एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में पाया कि उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए जिन टैंपर-प्रूफ लिफाफों का इस्तेमाल किया गया था, उनके सीरियल नंबर पैकिंग मेमो में दर्ज नंबरों से मिल ही नहीं रहे थे। इससे यह साफ हो गया कि परीक्षा केंद्र या उसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं के लिफाफों की अदला-बदली की गई थी। उधर, बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस पूरी गड़बड़ी में छात्रों का कोई दोष नहीं है, इसलिए उनके शैक्षणिक हितों की रक्षा करना बोर्ड की पहली प्राथमिकता है। समिति की सिफारिशों के आधार पर बोर्ड ने निर्णय लिया है कि जिन प्रश्नों के साथ छेड़छाड़ हुई है, उन पर प्रभावित छात्रों को नियमानुसार पूरा लाभ (अंक) दिया जाएगा ताकि उनके रिजल्ट और भविष्य पर कोई आंच न आए। इस मामले के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

Apka Faisla 23-05-2026

# बोर्ड परीक्षा में बड़ी गड़बड़ी, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ की फॉरेंसिक जांच में पुष्टि

**धर्मशाला, (सन्नी महाजन)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रणाली में एक बड़ी लापरवाही और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने कड़ा संज्ञान लिया है। डॉ शर्मा ने बताया कि मार्च-2025 में आयोजित मैट्रिक (10वीं) परीक्षा के दौरान बिलासपुर जिले के एक परीक्षा केंद्र में छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कथित छेड़छाड़ की गई थी, जिसकी अब फॉरेंसिक जांच में पूरी तरह पुष्टि हो गई है। बोर्ड ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए प्रभावित छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें नियमानुसार अंकों का लाभ देने का बड़ा निर्णय लिया है। मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और जांच रिपोर्ट आगामी सख्त कार्रवाई के लिए शिक्षा विभाग को सौंप दिए गए हैं। यह पूरा मामला बिलासपुर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता परीक्षा केंद्र से जुड़ा है। इस केंद्र पर कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें राजकीय उच्च पाठशाला जेओरा के 11 छात्र भी शामिल थे। परीक्षा के बाद, कला संकाय (Sub Art-A) विषय के 9 छात्रों ने अपनी उत्तर



पुस्तिकाओं के MCQ (बहुविकल्पीय प्रश्न) भाग में छेड़छाड़ (टैंपरिंग) होने की लिखित शिकायत बोर्ड से की थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर छात्रों को अक्टूबर 2026 में बोर्ड मुख्यालय बुलाकर विशेषज्ञों के सामने उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गईं। इसके बाद सच सामने लाने के लिए प्रतियों को क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (RFSL) धर्मशाला भेजा गया, जहां लैब रिपोर्ट में छेड़छाड़ की बात सही पाई गई। फॉरेंसिक रिपोर्ट में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद बोर्ड द्वारा गठित विशेष समिति ने जब इस पूरे मामले की परतें खोलीं, तो एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में पाया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए जिन टैंपर-प्रूफ लिफाफों का इस्तेमाल किया गया था, उनके सीरियल नंबर पैकिंग मेमो में दर्ज नंबरों से मिल ही नहीं रहे थे। इससे यह साफ हो गया कि परीक्षा केंद्र या उसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं के लिफाफों की अदला-बदली (इंटरचेंज) की गई थी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस पूरी गड़बड़ी में छात्रों का कोई दोष नहीं है, इसलिए उनके शैक्षणिक हितों की रक्षा करना बोर्ड की पहली प्राथमिकता है। समिति की सिफारिशों के आधार पर बोर्ड ने निर्णय लिया है कि जिन प्रश्नों के साथ छेड़छाड़ हुई है, उन पर प्रभावित छात्रों को नियमानुसार पूरा लाभ (अंक) दिया जाएगा, ताकि उनके रिजल्ट और भविष्य पर कोई आंच न आए। उन्होंने दोहराया कि स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस मामले के दोषियों के खिलाफ भविष्य में सख्त से सख्त कानूनी व विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

Amar Ujala 23-05-2026

# डीएलएड के लिए घटा रुझान, इस बार मात्र 9,984 आवेदन

## शिक्षा बोर्ड ने आधे-अधूरे 1,480 आवेदन किए रद्द, 17 जून को प्रदेशभर में होगी डीएलएड के लिए प्रवेश परीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) पाठ्यक्रम के प्रति अभ्यर्थियों का रुझान लगातार घटता दिखाई दे रहा है। इस वर्ष डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) के लिए कुल 9,984 आवेदन ही शिक्षा बोर्ड के पास पहुंचे हैं। इनमें से भी 1,480 आवेदन अधूरे दस्तावेजों और फीस न भरे जाने के कारण रद्द कर दिए गए हैं।

पिछले वर्ष डीएलएड सीईटी-2025 के लिए 15,609 आवेदन प्राप्त हुए थे, जबकि 14,352 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इसके अलावा तीन हजार से अधिक अभ्यर्थियों को शिक्षा बोर्ड ने उत्तीर्ण घोषित किया था। प्रदेशभर में डीएलएड प्रवेश परीक्षा 17 जून को आयोजित की जाएगी। पहले परीक्षा की तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किया गया।

**पिछले वर्ष शिक्षा बोर्ड के पास 15,609 ने किया था आवेदन 14,352 ने दी थी परीक्षा**

शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों के आवेदन अधूरे पाए गए हैं या जिन्होंने निर्धारित समय तक शुल्क जमा नहीं करवाया, उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। बोर्ड की ओर से पात्र अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश पत्र परीक्षा से कुछ दिन पहले जारी किए जाएंगे। वर्ष 2021-23 के लिए बोर्ड के पास करीब 20 हजार आवेदन पहुंचे थे। इनमें 1,874 आधे-अधूरे आवेदनों को रद्द किया गया था, जबकि 18,197 अभ्यर्थियों को बोर्ड ने एडमिट कार्ड जारी किए थे।

दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंट्री (डीएलएड) कोर्स की प्रवेश प्रक्रिया के लिए अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इस दौरान बोर्ड के पास 9,984 के करीब आवेदन पहुंचे हैं। इनमें से 1,480 आधे-अधूरे आवेदनों को शिक्षा बोर्ड ने रद्द कर दिया है। इस दौरान अगर किसी अभ्यर्थी का रिजेक्शन लिस्ट में नाम है और उसने फीस आदि भरी है तो तो वह 27 मई तक कार्यालय में आकर फीस को लेकर पुख्ता प्रूफ देकर सकता है। प्रवेश परीक्षा प्रदेशभर में 17 जून को होगी।
**-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला**

शैक्षणिक सत्र 2022-24 के लिए बोर्ड के पास 23,057 आवेदन पहुंचे। इनमें 2,676 आवेदनों को बोर्ड ने रद्द किया। शैक्षणिक सत्र 2023-25 के लिए बोर्ड के पास 15,618 आवेदन पहुंचे। इनमें भी 2,408 आधे-अधूरे आवेदनों को बोर्ड ने रद्द किया। शैक्षणिक सत्र 2024-26 के लिए 19,459 ऑनलाइन आवेदन पहुंचे। इनमें 17,646 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी।

2025-27 के लिए बोर्ड के पास करीब 15,609 आवेदन पहुंचे। इनमें से 14,352 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। 2026-28 के लिए बोर्ड के पास 9,984 आवेदन पहुंचे हैं, जिनमें से 1480 आधे अधूरे आवेदनों को शिक्षा बोर्ड ने रद्द कर दिया है।

Himachal Dastak 23-05-2026

# शिक्षा बोर्ड इस सप्ताह घोषित करेगा एसओएस परीक्षा परिणाम

पुनीत शर्मा ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मैट्रिक तथा जमा दो के बाद इसी सप्ताह स्टेट ओपन स्कूल की परीक्षाओं के नतीजे घोषित करेगा। जानकारी के अनुसार कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के करीब 12 से 13 हजार छात्र-छात्राओं ने एसओएस परीक्षाओं में हिस्सा लिया था और अब वे अपने रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं।

बोर्ड सूत्रों के अनुसार, अगले 2 से 3 दिनों में एसओएस का रिजल्ट बन कर तैयार हो जाएगा तथा इसके बाद इसी सप्ताह हजारों परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। बताते चलें कि एसओएस परीक्षा उन हजारों परीक्षार्थियों के लिए अहम भूमिका निभाता है जो किसी कारणवश नियमित स्कूल जाने में असमर्थ होते हैं। यह ड्रॉपआउट छात्रों, काम करने वाले लोगों या महिलाओं को 8वीं, 10वीं और 12वीं पूरा करने का अवसर देता है। ऐसे छात्र जो नियमित परीक्षामें फेल हो जाते हैं या पढ़ाई छोड़ चुके हैं, उन्हें बिना साल बर्बाद किए दोबारा परीक्षा देने का अवसर प्रदान करना भी एसओएस का मुख्य उद्देश्य है।



**● 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजे होंगे घोषित**

" अगले 2 से 3 दिनों में एसओएस परीक्षा का परिणाम तैयार होने की उम्मीद है। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड इसी सप्ताह राज्य मुक्त विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है।

**- डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला।**

Dainik Jagran 23-05-2026

# स्कूलों में एनसीईआरटी के अलावा अन्य किताबें पढ़ाई तो होगी कार्रवाई

- अभिभावकों को राहत, बच्चों की पढ़ाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च बचेगा
- निर्देश जारी, एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों से पढ़ाई करवाने के हैं आदेश
- निजी स्कूलों में महंगे पुस्तक सेट अभिभावकों के लिए बने हैं परेशानी का कारण




**संवाद सहयोगी, जागरण • सोलन** : प्रदेश में सीबीएसई व हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सरकारी और निजी स्कूलों में अब विद्यार्थियों को केवल एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों से ही पढ़ाई करवाई जाएगी। हाल ही जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक की ओर से इस संबंध में सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश कक्षा पहली से जमा दो तक लागू होंगे।

कई स्कूलों में एनसीईआरटी के अलावा अन्य निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें विद्यार्थियों पर थोपने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। कई अभिभावकों ने विभाग को शिकायत दी थी कि स्कूल प्रबंधन हर वर्ष बाहर से अतिरिक्त किताबें और नोटबुक खरीदने के लिए दबाव बनाते हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। खासकर निजी स्कूलों में महंगे पुस्तक सेट अभिभावकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे। शिक्षा विभाग ने अब ऐसे मामलों पर सख्ती दिखाते हुए सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को केवल निर्धारित एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार ही पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं। किसी भी छात्र या अभिभावक को अतिरिक्त किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। यदि कोई स्कूल इन निर्देशों का उल्लंघत करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग समय-समय पर स्कूलों की निगरानी भी करेगा। शिक्षा विभाग के इस फैसले से अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें हर वर्ष किताबों पर हजारों रुपये खर्च करने पड़ते थे। वहीं विद्यार्थियों को भी एक समान पाठ्यक्रम और अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो पाएगी।

निजी प्रकाशकों की किताबों में कई तरह की शिक्षण गतिविधियों के कार्यक्रम भी होते हैं। इससे अभिभावकों पर जहां अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ता है, वहीं बच्चों पर भी किताबों का बोझ बढ़ता है। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक सोलन गोपाल चौहान ने बताया कि इस संबंध में स्कूल प्रमुखों को आदेश दिए गए हैं।

Amar Ujala 23-05-2026

# एआई पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देगा शिक्षा बोर्ड, कार्यशाला शुरू

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड छठी कक्षा से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ जिसमें एआई पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। कार्यशाला में एक निजी मल्टीनेशनल संचार कंपनी के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। विभिन्न विषय विशेषज्ञों की मौजूदगी में पाठ्यक्रम की रूपरेखा, विषयवस्तु और विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप इसकी उपयोगिता पर चर्चा की जाएगी।

शिक्षा बोर्ड की योजना है कि छठी कक्षा से विद्यार्थियों को एआई की प्रारंभिक जानकारी दी जाए, ताकि आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षा से उन्हें शुरुआती स्तर पर ही जोड़ा जा सके। स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि एएआई पाठ्यक्रम को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला हो गई है। छठी कक्षा से शुरू किए जाने वाले पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद इसे अप्रूवल के लिए प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। अप्रवूल मिलने के बाद इसे स्कूलों में शुरू किया जाएगा। ब्यूरो